>

Title: Regarding need to set up a Food Park at Parbhani, Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र परभनी कृषि उत्पादित क्षेत्र है एवं यहां के किसान परिवार का मुख्य व्यवसाय कृषि है। उनका लालन-पालन भी कृषि पर निर्भर है। इस क्षेत्र में मराठावाड़ कृषि विद्यापीठ है जहां से हर साल कृषि पदवीधर कृषि शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कृषि पदवीधर की शिक्षा के बाद उनको कोई रोजगार नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण कृषि पदवीधर बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है, कृषि विकास, कृषि तकनीकी का प्रयोग करने एवं किसानों को और समृद्ध करने हेतु मराठावाड़ कृषि विद्यापीठ ने परभनी में एक फूड पार्क स्थापित करने हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि परभनी में प्रस्तावित फूड पार्क को तत्काल मंजूरी प्रदान की जाये।